राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जोधपुर पहुंचे

शनिवार को राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

जयपुर / जोधपुर, 28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को जोधपुर पहुंचे। जोधपुर एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

श्री मिश्र के जोधपुर आगमन पर संभागीय आयुक्त श्री कैलाशचंद मीना, जिला कलक्टर श्री हिमांशु गुप्ता एवं पुलिस आयुक्त श्री रवि दत्त गौड सहित अधिकारियों ने उनकी भावपूर्ण अगवानी की।

राज्यपाल श्री मिश्र निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित-पश्चिम क्षेत्र के पहले क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

---000---